डॉ॰ भीमराव आंबेडकर विश्वविद्यालय, आगरा

(पूर्ववर्तीः आगरा विश्वविद्यालय, आगरा)

पत्रांकः COE/152/2024 दिनांकः 06.04.2024

सेवा में,

प्राचार्य/प्राचार्या/निदेशक,
समस्त सम्बद्ध महाविद्यालय,
डॉ० भीमराव आंबेडकर विश्वविद्यालय, आगरा।

महोदय/महोदया,

राष्ट्रीय शिक्षा नीति–2020 के अन्तर्गत संचालित स्नातक प्रथम, तृतीय व पंचम सेमेस्टर एवं परास्नातक प्रथम व तृतीय सेमेस्टर दिसम्बर 2023 की प्रायोगिक/मौखिकी परीक्षाओं के लिए गठित समिति द्वारा सम्बद्ध महाविद्यालयों को विषयवार ऑनलाइन पोर्टल के माध्यम से परीक्षक नामित किये जा चुके है कतिपय महाविद्यालयों द्वारा मेल व मौखिक रूप से परीक्षकों की समय से उपलब्धता न होने के कारण प्रायोगिक/मौखिकी परीक्षाओं का आयोजन नही होने के बारे में अवगत कराया जा रहा है, उक्त कम में महाविद्यालयों के प्रत्यावेदनों पर सहानभूतिपूर्वक विचार करते हुए माननीय कुलपति जी ने अनुदानित एवं राजकीय महाविद्यालयों के परिक्षेत्रीय परीक्षकों के नाम का अनुमोदन प्रयोगात्मक परीक्षा समन्वयक, **प्रो० एस०पी० सिंह, विश्वविद्यालय कम्प्यूटर केन्द्र, खन्दारी परिसर** से प्राप्त कर परीक्षाऐं शीघ्र सम्पन्न कराए जाने की अनुमति प्रदान कर दी गयी है, समयान्तर्गत परीक्षाऐं आयोजित न कराये जाने की स्थिति में परीक्षा परिणाम बाधित होने की जिम्मेदारी सम्बन्धित महाविद्यालय की होगी।

परीक्षा नियंत्रक

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–

1. प्रो० एस०पी० सिंह, प्रयोगात्मक परीक्षा समन्वयक।
2. उपकुलसचिव, परीक्षा/गोपनीय।
3. प्रभारी, कुलपति कार्यालय को माननीय कुलपति जी के सूचनार्थ।
4. अधीक्षक, कुलसचिव कार्यालय।
5. प्रभारी, विश्वविद्यालय वेबसाइट को इस आशय के साथ प्रेषित कि कि उक्त सूचना को विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर अपलोड करने का कष्ट करें।
6. एजेन्सी 2023 को इस निर्देश के साथ प्रेषित कि उक्त सूचना को सम्बन्धित महाविद्यालयों के लॉगिन आई०डी० पर अपलोड करना सुनिश्चित करें।
7. गार्ड फाइल।

परीक्षा नियंत्रक